प्रेस विज्ञप्ति
बिहार पुलिस मुख्यालय
दिनांक–22.06.2023 (सं0–319)

मोतिहारी जिला में बैंक लूट की घटना का अद्यतन।

- आज दिनांक 22.06.2023 को लगभग 15.00 बजे मोतिहारी जिला के डुमरिया घाट थानान्तर्गत थाना से लगभग 08 किलोमीटर उत्तर पूरब ग्राम सरोतर स्थित आइ0सी0आइ0सी0आइ0 बैंक की शाखा में 03 मोटरसाइकिल पर सवार होकर आये 04 हथियारबन्द अपराधकर्मियों के द्वारा प्रवेश कर हथियार का भय दिखाकर बैंक कर्मियों को बंधक बनाकर लगभग 18,71,000 (अठारह लाख इकहत्तर हजार रुपये) लूट लिये गयें।
- घटना की सूचना प्राप्त होते हीं 15:20 बजे थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुँच गयें तथा अग्रतर कार्रवाई उनके द्वारा प्रारम्भ कर दी गई।
- पुलिस अधीक्षक मोतिहारी भी घटनास्थल पर अविलम्ब पहुँच गयें तथा उनके द्वारा घटना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर घटना के उद्भेदन तथा अपराधकर्मियों की गिफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गयें।
- अपर पुलिस अधीक्षक(भा0पु0से0) के नेतृत्व में SIT का गठन कर अग्रतर अनुसंधान तथा छापामारी प्रारम्भ की गई है।
- अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु मोतिहारी जिले से सटे अन्तर्जिला सीमा पर गहन चेकिंग लगायी गई है। आस पास के ग्रामीण रास्तों पर भी निगरानी रखी जा रही है। अगल बगल के थाना क्षेत्रों में भी वाहन चेकिंग अभियान तथा संदिग्ध स्थलों पर छापामारी की जा रही है। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी चेकिंग की जा रही है।
- तकनीकी अनुसंधान हेतु सी0सी0टी0वी0 फुटेज प्राप्त किया जा रहा है।
- वैज्ञानिक अनुसंधान हेतु FSL की टीम घटनास्थल पहुँच रही है।
- डॉग स्क्वायड का सहयोग लिया जा रहा है।
- STF, मुजफ्फरपुर तथा गोपालगंज जिला पुलिस से समन्वय स्थापित कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु कार्रवाई की जा रही है।
- पुलिस उप महानिरीक्षक, चम्पारण क्षेत्र के द्वारा सम्पूर्ण घटना का अनुश्रवण किया जा रहा है।
- शीघ्र हीं काण्ड का उद्भेदन करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

xxxxxxxx